मोनाल संस्था के सहयोग से बर्ड वॉचिंग कोर्स का शुभारंभ

रूद्र टाइम्स

बेरीनाग (पिथौरागढ़) राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग में उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद पिथौरागढ़ द्वारा प्रायोजित मोनाल संस्था के सहयोग से पांच दिवसीय बर्ड वॉचिंग कोर्स का शुभारंभ हुआ। कोर्स का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर बी. एम. पाण्डेय ने किया।इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण संबंधी जागरुकता उत्पन्न करना है तथा इसके माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर के बारे में प्रशिक्षण देना है। इस कोर्स का संचालन ष्काफल हिलष बेरीनाग के तरुण मेहरा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हो रहा है। तरुण मेहरा ने बताया कि बेरीनाग में प्रथम बार महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मोनाल संस्था द्वारा ष बर्ड वॉचिंग प्रशिक्षणष दिया जा रहा है जिसके माध्यम से विद्यार्थी पक्षियों की पर्यावरण संरक्षण में भूमिका के बारे में विस्तार से सीखेंगे। उन्होंने बताया कि सूखी चट्टान को पक्षियों या छोटे जंतुओं के माध्यम से जंगल के रूप में परिवर्तित करने की विधि के विषय में भी इस प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी दी जायेगी। प्रशिक्षक के रुप में मोनाल सोसाइटी के सुनील पवार, हिमालयन शेफर्ड से चंदन कुमार तथा काफल हिल बेरीनाग से तरुण मेहरा ने विद्यार्थियों को पाँच दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा के विषय में विस्तार से समझाया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर बी. एम. पाण्डेय जी ने इस कोर्स को विद्यार्थियों के लिये उपयोगी बताया तथा मोनाल संस्था के प्रशिक्षकों की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ. सुनील पंत, डॉ. बी. एस. बिष्ट, डॉ. कंचन भंडारी, डॉ. दीप्ति मिश्रा, डॉ. रश्मि समेत महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।



पक्षी संरक्षण पर रहेगा जोर

बेरीनाग। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मोनाल संस्था एवं महाविद्यालय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर बीएम पाण्डेय ने बताया कि मोनाल संस्था के सहयोग से महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा स्थानीय युवाओं को पक्षी संरक्षण जागरूकता, पर्यावरण पर्यटन, पक्षी-विविधता का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे विद्यार्थियों में पर्यावरण संबंधित ज्ञान और कौशल की अभिवृद्धि हो सके। इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थी पर्यावरण पर्यटन एवं वन्य जीवन में रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकेंगे। इस एमओयू के नोडल अधिकारी डा. जेएन पंत ने बताया कि इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को कुशल प्रशिक्षक के माध्यम से ट्रेनिंग दी जायेगी तथा मोनाल संस्था द्वारा प्रशिक्षण के संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। एमओयू के हस्ताक्षर के दौरान मोनाल संस्था से सुनील पवार एवं हिमालयन शेफर्ड से चंदन कुमार ने प्रशिक्षण हेतु महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों से सहयोग की अपेक्षा की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

हज जिला ट्रेनर को नईम का चयन

रामनगर। हज 2025 के चयनित हाजियों को सफर की बारीकियां और जरूरी बातें सिखाने के इंतजाम स्टेट हज कमेटी और राज्य हज कमेटी करती आई है। इसके लिए इस साल भी हज ट्रेनर्स नियुक्त किए जा रहे हैं। कमेटी ने इसके लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन किया गया है। चुने गए मास्टर हज ट्रेनर मुंबई हज कमेटी से प्रशिक्षण लेकर आएंगे। इसके बाद प्रदेश के हाजियों को हज ट्रेनिंग देंगे। जिला मास्टर हज ट्रेनर के लिए मोहम्मद नईम रामनगर को चयनित किया गया है।